द्वितीय रिपोर्ट

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

को लागू करना

(1.11.2006 से 31.10.2007)

राज्य सूचना आयोग,

हरियाणा।

एस०सी०ओ० नं० 70–71, 114–115, सैक्टर–8–सी, चण्डीगढ़–[illegible]
Website: www.cicharyana.gov.in e-mail: ussichry@[illegible]

विषय सूची

अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	सूचना का अधिकार : कानून से पारदर्शिता और जवाबदेही की शासन प्रणाली की ओर	1
2.	राज्य सूचना आयोग का गठन	2–4
3.	लोक प्राधिकरण से जानकारी का संग्रह	5–6
4.	आयोग द्वारा शिकायतों/अपीलों के निपटान की स्थिति	7–8
5.	राज्य सूचना आयोग की सिफारिशें	9–11
6.	राज्य सूचना आयोग, हरियाणा की अपनी पहली वार्षिक रिपोर्ट के तहत की गई सिफारिश पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	12
7.	जागरुकता उत्पन्न करने हेतु आयोग का प्रयास	13–14
अनुबंध 1	प्रपत्र	15
अनुबंध 2	लोक प्राधिकारियों से प्राप्त सूचना	16–37
अनुबंध 3	मुख्य लोक प्राधिकरणों की सूची जिनसे सूचना प्राप्त नहीं हुई	38–39
अनुबंध 4	केसों की प्राप्ति, उनके निपटान तथा 1.11.2007 को लम्बित केसों का विवरण	40
अनुबंध 5	राज्य लोक सूचना अधिकारियों पर अधिरोपित शास्ति का विवरण	41
अनुबंध 6	मामलों की सूची जिनमें अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई	42–44
अनुबंध 7	अपीलार्थियों/शिकायतकर्ताओं को दिए गए मुआवज़े का विवरण	45

अध्याय – 1

सूचना का अधिकार : कानून से पारदर्शिता और जवाबदेही की शासन प्रणाली की ओर

भारत के संविधान के अध्याय–III का अनुच्छेद 19 अपने सभी नागरिकों को प्रत्याभूत करता है कि, अन्य बातों के अलावा, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उनका मौलिक अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय अक्सर नागरिकों को जानने के अधिकार के पक्ष में निर्णय देता रहा है और सूचना के अधिकार को सदैव संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में स्वाभाविक तौर से मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की प्रस्तावना अधिनियम के उद्देश्य को ब्यान करता है जो इसे और शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए है और इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक कानूनी ढांचा भी उपलब्ध करता है। इसके द्वारा जानकारी को विशिष्ट निर्धारित समय सीमा के भीतर आपूर्ति करने की सुनिश्चितता की मांग की गई है और साथ में नामित अपीलीय अधिकारियों को अपील प्रस्तुत करना भी प्रावधानित है। केन्द्रीय और राज्य सूचना आयोगों से इसकी निगरानी के साथ अधिनियम के कार्यान्वयन को शिकायतों की जांच के माध्यम से एवं अपीलों की सुनवाई करके मॉनीटर करने की अपेक्षा की गई है। यह अधिनियम दोषी लोक सूचना अधिकारियों के खिलाफ उपयुक्त दंड उपबंधित करने के साथ ही नागरिकों को जानकारी मुहैया करवाने में हुई देरी के लिए क्षति/उत्पीड़न की स्थिति में मुआवजा देने और जानकारी में हुई देरी की वजह से नागरिकों को जो नुकसान उठाना पड़ा, की क्षतिपूर्ति भी कराता है।

अध्याय – II

राज्य सूचना आयोग का गठन

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का व्यापक और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु, हरियाणा की राज्य सरकार ने राजपत्र में 31 अक्तूबर 2005 को अधिसूचना के द्वारा राज्य सूचना आयोग का गठन किया। श्री जी. माधवन, आई.ए.एस. (सेवा निवृत) ने पहले राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के रुप में पहली नम्बर 2005 को शपथ ली थी। बाद में श्रीमती मीनाक्षी आनन्द चौधरी, आई.ए.एस. (सेवा निवृत) ने राज्य सूचना आयुक्त के रुप में 9 मई, 2008 को शपथ ग्रहण की थी। अधिनियम की धारा 27 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा सरकार ने 28 नवम्बर, 2005 को हरियाणा सूचना का अधिकार नियम, 2005 अधिसूचित किए, जिसमें शुल्क से संबंधी मामले और लागू प्रभार, उनके भुगतान का तरीका और अन्य संबंधित विषय शामिल थे।

आयोग को राज्य सरकार ने आरम्भ में एस0सी0ओ0 70–71, सैक्टर 8–सी, चण्डीगढ़ का भवन कार्यालय की स्थापना के लिए सौंपा। राज्य सूचना आयुक्त के अधिष्ठापन के बाद राज्य सरकार ने आयोग को अतिरिक्त कार्यालय उसी सैक्टर में एस0सी0ओ0 नम्बर 114–115 के रुप में आंवटित किया गया।

अमला और राज्य सूचना आयोग का बजट

राज्य सरकार ने लेखा शीर्ष "2070–अन्य प्रशासनिक सेवाएं–नान प्लान" के तहत राज्य सूचना आयोग को निम्नलिखित धनराशि आंवटित की है :–

(रुपए लाखों में)

वर्ष	प्रदत्त पूंजी	
2005–2006	30.00	26.79
2006–2007	140.04	126.00
2007–2008	167.94	

वर्ष 2006–07 तथा 2007–08 के वर्षों के बजट की विभिन्न उपशीर्षों के अधीन बांट निम्नानुसार रही :–

(रुपए लाखों में)

क्रमांक	प्रयोजन	2006.07 (अन्तिम)	2007–08 (मूल)
1.	वेतन	24.69	29.41
2.	मंहगाई भत्ता	07.23	08.53
3.	यात्रा खर्च	00.62	03.50
4.	कार्यालय खर्च	74.00	66.00
5.	रेट रेंट टैक्स	00.00	20.00
6.	मोटर यान	09.85	15.00
7.	चिकित्सा व्यय	00.26	04.10
8.	एल0टी0सी0	02.87	08.00
9.	पी0ओ0एल0	03.30	07.00
10.	सूचना प्रौद्योगिकी	03.18	06.40
	कुल	126.00	167.94

वर्ष 2006–2007 के लिए आबंटित राशि में से 62.76 लाख रुपए की राशि 31 अक्तूबर, 2006 तक खर्च की गई थी जबकि पहली नवम्बर, 2006 से 31 अक्तूबर 2007 के दौरान, उपशीर्ष अनुसार निम्नानुसार वास्तविक खर्चा हुआ:–

(रुपए लाखों में)

क्रमांक	प्रयोजन	1–11–2006 से 31–10–2007 के बीच वास्तविक खर्च
1.	वेतन	14.92
2.	मंहगाई भत्ता	05.76
3.	यात्रा खर्च	00.32
4.	कार्यालय खर्च	44.01
5.	मोटर यान	00.72
6.	चिकित्सा व्यय	00.13
7.	एल0टी0सी0	01.46
8.	पी0ओ0एल0	02.10
9.	सूचना प्रौद्योगिकी	02.01
	कुल	71.43

आयोग की स्थापना के समय, राज्य सरकार ने निम्न अमला वेतनमान सहित स्वीकृत किया

क्रमांक	संख्या और पद का नामकरण	स्वीकृत वेतनमान
1.	एक मुख्य सूचना आयुक्त	30000/– रुपए नियत जमा भत्ते
2.	एक सचिव (संयुक्त सचिव स्तर का)	15100–400–18300
3.	एक वरिष्ठ सचिव सी.आई.सी. के लिए	12000–375–16500+400 विशेष वेतन
4.	एक अवर सचिव	10000–325–13900+400 विशेष वेतन
5.	एक अनुसंधान अधिकारी–सह–सलाहाकार	7450–225–9025–ई.बी.–225–11500
6.	एक अधीक्षक	6500–200–8500–ई.बी.–200–10500+200 विशेष वेतन
7.	एक लेखा अधिकारी	8500–200–8500–ई.बी.–200–10500
8.	एक प्रोग्रामर	6500–200–8500–ई.बी.–200–10500
9.	कानूनी विशेषज्ञ/कानूनी सलाहकार	अनुबंध आधार पर
10.	दो निजी सहायक	5500–175–8300–ई.बी.–175–9000+150 विशेष वेतन
11.	दो सहायक	5450–150–6950–ई.बी.–150–8000+60 विशेष वेतन
12.	एक लेखा सहायक	5450–150–6950–ई.बी.–150–8000+60 विशेष वेतन
12.	एक रीडर	5450–150–6950–ई.बी.–150–8000+60 विशेष वेतन
14.	एक कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक	4000–100–4800–ई.बी.–100–6000+40 विशेष वेतन
15.	एक आशुटंकक	3050–75–3950–ई.बी.80–4590+100 विशेष वेतन
16.	चार लिपिक–कम– कम्पयूटर ऑपरेटर	3050–75–3950–ई.बी.80–4590+40 विशेष वेतन
17.	तीन चालक	4000–100–4800–ई.बी.–100–6000+300 विशेष वेतन
18.	नौ सेवादार	2550–55–2660–ई.बी.–60–3200+30 विशेष वेतन

तत्पश्चात् राज्य सूचना आयुक्त के अधिष्ठापन के समय मई, 2006 में आयोग में निम्नलिखित 8 अतिरिक्त पद, प्रत्येक के साथ वर्णित वेतनमान सहित, सृजित किए :–

क्रमांक	संख्या और पद का नामकरण	स्वीकृत वेतनमान
1.	एक निजी सचिव एस.आई.सी. के लिए	6500–200–8500–ई.बी.–200–10500+200 विशेष वेतन
2.	एक निजी सहायक	5500–175–8300–ई.बी.–175–9000+150 विशेष वेतन
3.	एक रीडर	5450–150–6950–ई.बी.–150–8000+60 विशेष वेतन
4.	एक आशुटंकक	3050–75–3950–ई.बी.80–4590+100 विशेष वेतन
5.	एक लिपिक–कम– कम्पयूटर ऑपरेटर	3050–75–3950–ई.बी.80–4590+40 विशेष वेतन
6.	एक चालक	4000–100–4800–ई.बी.–100–6000+300 विशेष वेतन
7.	एक सेवादार	2550–55–2660–ई.बी.–60–3200+30 विशेष वेतन

31 अक्तूबर, 2007 को, अधीक्षक, कानून अधिकारी तथा लेखा अधिकारी के सिवाय, सभी पद, आयोग में भरे गए थे। श्री अमे सिंह यादव, एच.सी.एस. 21.8.2006 से 14.9.2007 के दौरान आयोग में सचिव के पद पर बने रहे और श्री बी.बी. कौशिक, एच.सी.एस. उनके उत्तराधिकारी थे जो 8.10.2007 को आयोग से जुड़े। नीति के अनुसार, स्वीकृत अमले को हरियाणा सिविल सचिवालय एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों से स्थानांत्रण आधार पर लिया गया। कुछ मामलों में, जहां हरियाणा सिविल सचिवालय और सरकारी विभागों ने अमला उपलब्ध नहीं करवाया, अनुबंध नियुक्तियां मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा की गई।

आयोग की वेब साईट

आयोग द्वारा यह ईमानदारी से प्रयास किया गया है कि सूचना के अधिकार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह से और कारगर ढंग से लागू किया जाए ताकि नागरिकों की लोक प्राधिकरणों के नियंत्रणाधीन जानकारी तक पहुँच संभव हो सके। यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि नागरिकों को शीघ्र तथा समय पर उनके सूचीबद्ध और दूसरी अपीलों और शिकायतों के निर्णय की जानकारी मिले, आयोग ने नवम्बर, 2006 में अपनी वेबसाईट www.cicharyana.gov.in का प्रमोचन किया। यह नागरिकों को उनके मामलों की स्थिति सहित, अंतिम निर्णय के बारे में जानकारी का उपयोग करने के लिए सक्षम है। यह एक नागरिक को उनके मामले की सुनवाई की तारीख, न्यायपीठ जिसके समक्ष यह केस सूचीबद्ध है, मामले के पक्षधरों की जानकारी तक पहुँच बनाती है। आयोग का यह प्रयास है कि आदेशों को साप्ताहिक आधार पर वेब साइट पर लोड कर दिया जाए।

यह वेबसाइट राज्य सरकार/आयोग द्वारा समय–समय पर जारी संबंधित निर्देशों/परिपत्रों के साथ अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों की भी जानकारी देती है। आयोग के सदस्यों के जीवनवृत्त से संबंधित सूचना भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्य लोक सूचना अधिकारियों/ लोक सहायक सूचना अधिकारियों, प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों का विवरण जिन्हें विभिन्न लोक प्राधिकरणों द्वारा नामित किया गया है, भी वेब साइट पर उपलब्ध है।

वेब साइट के कार्यकरण में आगे सुधार के प्रयास जारी हैं और अपीलों/शिकायतों तथा आयोग में प्राप्त होने वाली अन्य प्रार्थनाओं का पता लगाने के लिए आयोग के कार्यालय का कंप्यूटरीकरण आरंभ किया गया है। आयोग नागरिक को उसके मामले की स्थिति के बारे में एस.एम.एस. के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करवाने का इरादा रखता है। इस संबंध में सेंटर फॉर गुड गवरनेन्स, हैदराबाद, से चर्चा आरंभ की गई है। इस उद्देश्य के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली संभावित वित्तीय सहायता का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है।

अध्याय – III

लोक प्राधिकरण से जानकारी का संग्रह

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 25 जनादेश देती है कि प्रत्येक वर्ष के अंत में राज्य सूचना आयोग अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और उसकी एक प्रतिलिपि यथोचित सरकार को अग्रेषित करेगा। उसके बाद इस रिपोर्ट को राज्य विधानमंडल के समक्ष रखे जाने की आवश्यकता है।

इस रिपोर्ट में प्रत्येक लोक प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी सम्मिलित होना जैसे कि प्राप्त अनुरोध की संख्या और आर.टी.आई. की धारा 8 और 9 के तहत कारणों सहित अनुरोध को अस्वीकार करने की संख्या, राज्य सूचना आयोग द्वारा समीक्षा के लिए प्राप्त अपीलों की संख्या, उनकी प्रकृति एवं उनके परिणाम, अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण जो इस अधिनियम के प्रबंधन के संबंध में किसी भी अधिकारी के खिलाफ लिया गया, इस अधिनियम के तहत प्रत्येक लोक प्राधिकरण द्वारा एकत्रित प्रभार की राशि, अधिनियम को भावना तथा आशय से लागू करने के प्रयासों पर लोक प्राधिकरणों द्वारा तैयार तथ्यात्मक रिपोर्ट, अधिनियम के विकास, समुन्नति, आधुनिकीकरण, दोषनिवृति या इसमें संशोधन या अन्य कानून या आम कानून या अन्य कोई बात जो जानकारी तक पहुँच के अधिकार के संचालन के लिए उपयोगी हो, संबंधी सिफारिशें, यदि कोई हों, अपेक्षित है ।

यह सुनिश्चित करने के आशय से कि अपेक्षित जानकारी विविध मंत्रालयों और विभागों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न लोक प्राधिकरणों से जानकारी एकत्र हो गई है, आयोग द्वारा एक प्रोफार्मा विकसित किया गया, जिसकी प्रतिलिपि अनुबन्ध –I पर उपलब्ध है। आयोग के सचिव ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबंधक निदेशकों के साथ ही मण्डल आयुक्तों तथा उपायुक्तों को पत्र संबोधित करते हुए उनसे अनुरोध किया था कि वे इस निर्धारित प्रोफार्मा में सूचना भिजवाएं। इसके बाद तीन स्मरण पत्र भी भेजे गए । आयोग सचिवालय ने अपेक्षित सूचना की प्राप्ति के लिए विभिन्न विभागाध्यक्षों और विभागों के सचिवों से व्यक्तिगत सम्पर्क भी किया। उसके उपरान्त विविध लोक प्राधिकरणों से जानकारी प्राप्त हो पाई। जिन प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड, निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, मण्डल के आयुक्तों और उपायुक्तों से अपेक्षित जानकारी प्राप्त हुई उसे वर्णमाला क्रम में अनुबन्ध–II पर रखा गया है। प्रमुख विभागों और लोक प्राधिकारियों, जिन्होंने आयोग के पत्राचार का जवाब नहीं दिया, की एक सूची अनुबन्ध–III पर प्रस्तुत की गई है।

नागरिकों द्वारा लोक प्राधिकारियों से जानकारी तक पहुँच हेतु दिए आवेदनों की स्थिति

1.11.2006 से 31.10.2007 की समयावधि के दौरान, सूचना प्रेषण करने वाले लोक प्राधिकारियों ने कुल 18112 आवेदन प्राप्त किए । एकत्रित आंकडों के अनुसार 300 एवं 44 केसों में सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा क्रमशः 8 तथा 9 के छूट प्रावधानों के तहत जानकारी की आपूर्ति रोकी गई। इस प्रकार जानकारी तक पहुँच कुल प्राप्त मामलों में से 1.90 प्रतिशत ही नकारी गई। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि लोक प्राधिकारियों ने सामान्यतः कुल मिलाकर आर.टी.आई. आवेदकों को अधिकांश मामलों में जानकारी प्रदान की है। आवेदकों से कुल 22, 34, 978/– रुपए की राशि निर्धारित आवेदन शुल्क और अतिरिक्त शुल्क के रुप में 1.11.2006 से 31.10.2007 की अवधि के दौरान प्राप्त की गई।

अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में लोक प्राधिकरणों और विभागों से प्राप्त किए सुझाव

आयोग के पत्रव्यवहार के जवाब में लोक प्राधिकारियों से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझाव भी प्राप्त हुए । उनके महत्वपूर्ण सुझावों में से कुछ इस प्रकार हैं :–

1. आर.टी.आई. आवेदनों की प्रोसेसिंग के लिए, प्रत्येक विभाग में एस.पी.आई.ओ. के अधीन पर्याप्त अमले के साथ, पूरी तरह उपकरणों से सुसज्जित एक अलग सेल, मुख्यालय एवं जिला स्तर पर सृजित करना।
2. समय–समय पर एस.पी.आई.ओज और अधीनस्थ अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करवाना।
3. नामित अधिकारियों के प्रयोग के लिए मैनुअल/दिशानिर्देशों का प्रकाशन।
4. एस.पी.आई.ओ. एक वरिष्ठ स्तर का अधिकारी होना चाहिए, जो उसे जानकारी प्रदान करने में देरी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का सामर्थ्य रखता हो।
5. अनर्थक जानकारी के लिए प्राप्त अनुरोध को हतोत्साहित करने के लिए आवेदन शुल्क को बढ़ाया जाना।
6. अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए अधिकारियों पर दबाव डालती जानकारी की मांग करने वाले आवेदकों पर दंड का प्रावधान होना चाहिए।

7. ऐसे आवेदनों के लिए अतिरिक्त समय की अनुमति का प्रावधान, जहां विशाल जानकारी की मांग की गई हो, जिसे मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से या एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय से एकत्र किया जाना आवश्यक हो और जो लोक प्राधिकरण में एक स्थान पर उपलब्ध न हो।

8. तृतीय पक्ष की जानकारी के प्रावधान पर पूर्ण प्रतिबन्ध।

9. आवेदकों को जानकारी की आवश्यकता का उद्देश्य सूचित करने का प्रावधान जिसके लिए जानकारी की मांग आर.टी. आई. आवेदन में की गई है।

10. बी.पी.एल. आवेदकों को केवल स्वयं के लिए आवश्यक जानकारी लेने की आवश्यकता का प्रावधान।

11. अपीलार्थी/शिकायतकर्ता के सुनवाई के दौरान अनुपस्थित होने की स्थिति में अपीलों/शिकायतों को खारिज करने का प्रावधान।

12. नामित अथवा डीम्ड राज्य लोक सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 20 (1) के तहत कुछ हद तक दंडित करने की शक्तियां प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को प्रदान करना।

13. जुर्माना लोक प्राधिकरण पर इस शर्त के साथ लगाना चाहिए कि वह उसे ऐसे अधिकारी से वसूल पाए जो राज्य लोक सूचना अधिकारी/अपीलार्थी को जानकारी प्रदान करने में देरी करने का उत्तरदायी हो।

अध्याय – 4

आयोग द्वारा षिकायतों/अपीलों के निपटान की स्थिति

रिपोर्टाधीन अवधि यानि 1.11.2006 से 31.10.2007 के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 18 (2) के तहत 257 शिकायतें तथा धारा 19 (3) के तहत 901 अपीलें आयोग को प्रस्तुत हुई। वर्ष के अंत तक यानि 31.10.2007 को, 245 शिकायतों तथा 677 अपीलों पर निर्णय लेकर उनसे पक्षधरों को अवगत करवाया गया। सूचीबद्ध कुल 270 मामले यानि 30 शिकायतें तथा 240 अपीलें 1.11.2007 को निपटारे के लिए आयोग के पास लम्बित थे। प्राप्त, निर्णित एवं सूचीबद्ध शिकायतों/अपीलों की स्थिति अनुबन्ध–4 पर प्रस्तुत है। इस अवधि के दौरान, आयोग ने 1624 विविध आवेदनों का निपटान भी आवेदकों को उपयुक्त सलाह देकर किया।

राज्य सूचना आयोग, हरियाणा सभी शिकायतों एवं अपीलों का निपटारा लिखित टिप्पणी दाखिल करने के लिए यथोचित नोटिस देने के बाद, शिकायताकर्ताओं/अपीलार्थियो और राज्य लोक सूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय प्राधिकारी/तीसरे पक्ष, सभी को, सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए, करता है। पार्टियों द्वारा दी गई लिखित एवं मौखिक प्रस्तुतियों का परीक्षण उपरांत निर्णय की घोषणा की जाती है। यदि उचित समझा जाए, तो प्रासंगिक/मूल रिकार्ड की भी जांच की जाती है। संदर्भाधीन अवधि के दौरान, आयोग ने राज्य लोक सूचना अधिकारियों/डीम्ड राज्य लोक सूचना अधिकारियों को जुर्माना लगाने के लिए 256 कारण बताओ नोटिस जारी किए। आयोग ने ग्यारह राज्य लोक सूचना अधिकारी/डीम्ड राज्य लोक सूचना अधिकारी, जो निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पूरी जानकारी प्रस्तुत करने में विफल रहे और देरी करने के लिए उचित युक्तियुक्त कारण भी नहीं पाया गया, पर दंड लगाया। इन मामलों का विवरण अनुबन्ध–5 पर रखा गया है। दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों और डीम्ड राज्य लोक सूचना अधिकारियों के खिलाफ सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 20 (2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी सिफारिश की गई जो समय पर और पूर्ण सूचना राज्य लोक सूचना अधिकारियों को उपलब्ध करने में विफल रहे । ऐसे सैंतीस मामलों का विवरण अनुबन्ध–6 पर रखा गया है। आयोग ने तेरह नागरिकों को उन्हें जानकारी की आपूर्ति समय पर प्राप्त करने में हुई हानि/उत्पीड़न के लिए सूचना का अधिकार की धारा 19(8)(ख) के तहत उपयुक्त मुआवजा अदा किया। इन मामलों का विवरण जिसमें संदर्भाधीन वर्ष के दौरान मुआवजा दिया गया, अनुबंध–7 पर है।

आयोग में प्राप्त शिकायतों और अपीलों का विषलेषण

सूचना का अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन प्रारंभिक अवस्था में था, अतः रिपोर्ट की अवधि के दौरान, आर.टी.आई. आवेदकों से प्राप्त शिकायतों पर राज्य सूचना आयोग, हरियाणा द्वारा उदारता से विचार किया गया क्योंकि अधिकांश नव नामित अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों की वास्तविक जानकारी का अभाव था। शिकायतों की सुनवाई के समय आयोग ने यह पाया कि संदर्भाधीन अवधि के दौरान आयोग को मुख्यतः जिन कारणों से शिकायतें प्रस्तुत की गई, उनमें से कुछ इस प्रकार थी :–

1. लोक प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा आर.टी.आई. आवेदन या आवेदन शुल्क को नकदी में प्राप्त करने से इंकार।

2. राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट समय के भीतर आवेदक को पूर्ण एवं विशिष्ट जानकारी की आपूर्ति करने में विफलता।

3. लोक प्राधिकरण के नामित अधिकारियों की अपीलार्थी को पूर्ण जानकारी सुसज्जित करने में अनिच्छा।

4. अपीलार्थियों, शिकायतकर्ताओं और प्रत्यर्थियों को छूट के प्रावधानों की समुचित जानकारी का अभाव।

5. शिकायकर्ता प्रायः अपने अन्यायपूर्ण कृत्य के समाधान की आयोग से अपेक्षा करते हैं।

आयोग ने चिंता के साथ यह अनुभव किया कि विभागों/संगठनों के नामित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करने में विफल रहे। उन्होंने या तो स्वतः स्पष्ट आदेश पारित नहीं किए या अपीलार्थी को सुनवाई का अवसर प्रदान नहीं किया, फलस्वरुप लगभग सभी मामलों में, अपीलार्थियों के पास दूसरी अपील के माध्यम से राज्य सूचना आयोग, हरियाणा को सम्पर्क करने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं था। यदि प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का प्रभावी हस्तक्षेप रहा

होता और प्रतिवादी लोक प्राधिकरण का रुख जानकारी की आपूर्ति करने के लिए सकारात्मक होता तो नागरिक आयोग से सम्पर्क किए बिना अपेक्षित जानकारी हासिल कर लेते और पक्षधरों का बहुमूल्य समय बचाया जा सकता था। आयोग ने अनुभव किया कि यह आवश्यक है कि प्रत्येक लोक प्राधिकरण में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करे और उन्हें नागरिकों को आवश्यक राहत प्रदान करनी चाहिए अन्यथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी की उपेक्षा करके आयोग से सीधे संपर्क करने की सामान्य प्रवृति से आयोग में काम का बोझ बढ़ेगा। आयोग ने शिकायतों एवं अपीलों के प्रसंस्करण एवं निर्णय के समय निम्नलिखित पहलुओं को विशेषरुप से प्रधानता दी :

(क) कोई भी मामला सार्वजनिक सुनवाई एवं दोनों दलों को आयोग के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु एक उचित अवसर दिए जाने की सुनिश्चितता किए बिना निपटाया नहीं गया। इस प्रक्रिया का यह लाभ था कि यह राज्य लोक सूचना अधिकारी को व्यक्तिगत रुप से एक विशिष्ट तिथि तक जानकारी सुसज्जित करने के लिए बाध्य करता था क्योंकि वह स्वयं या अपने एक प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई के समय आयोग के समक्ष उपस्थित रहता था।

(ख) आयोग ने जहां तक संभव हो सुनिश्चित किया कि मामलों की जानकारी अधिकतम संख्या में सुनवाई के समय पर ही आवेदकों को प्रदान करवा दी जाए । यदि दस्तावेज फोटोकॉपी किए जाने थे तो इन्हें आयोग कार्यालय से करवा कर राज्य लोक सूचना अधिकारियों के सत्यापन के बाद सुनवाई के समय आवेदकों को प्रदान करवाया गया। अगर यह संभव नहीं था, तो जानकारी मुहैया करने हेतु एक विशिष्ट समय सीमा को निर्धारित किया गया। आयोग ने जोर दिया कि पारित आदेश के माध्यम से लोक प्राधिकरण से सूचना की आपूर्ति की अनुपालना रिपोर्ट निरपवाद रूप से प्राप्त की जाये और तब तक कथित मामले को औपचारिक रुप से बंद नहीं किया जाये।

(ग) सार्वजनिक सुनवाई एक व्यवसाय की भांति लेकिन अनौपचारिक माहौल में आयोजित की गई ताकि एक नागरिक को उसका मामला पेश करने में घर जैसा वातावरण अनुभव हो। उन्हें वकील सहित, अन्य लोगों की मदद, यदि उन्होंने ऐसा चाहा, लेने की अनुमति दी गई। मामलों के एक छोटे से प्रतिशत को छोड़कर, आमतौर पर सुनवाई के समापन पर निर्णय की घोषणा की गई थी और लिखित आदेश सुनवाई के कुछ दिनों के भीतर पक्षधरों को संसूचित किए गए। हालांकि आयोग द्वारा शिकायतों/अपीलों के निपटान के लिए अधिनियम में समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई फिर भी हर संभव प्रयास करते हुए अपीलों/शिकायतों का निपटान कम से कम समय के भीतर और नागरिकों की संतुष्टि को ध्यान में रखकर किये गये।

(घ) अधिनियम के दंडात्मक प्रावधानों का इस्तेमाल चयनात्मक तौर पर जानकारी के सुसज्जन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। आयोग ने यह तथ्य ध्यान में रखा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का लक्ष्य लोक प्राधिकारियों की विचार धारा में मूलभूत परिवर्तन लाना है। आयोग द्वारा लोक प्राधिकारियों को जानकारी के सुसज्जन में पेश आने वाले ऐसी कठिनाईयों, जैसे रिकार्ड रखने के घटिया तरीके, कर्मचारियों और बुनियादी ढांचे की कमी जो अधिनियम के तहत समय सीमा के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में बाधक हैं, जैसे कारणों को ध्यान में रखा। आयोग ने अनुभव किया कि अधिकारियों को अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में समुचित रूप से प्रशिक्षित किया जाना अनिवार्य है क्योंकि उनमें अधिनियम के प्रावधानों के बारे में उचित अभिमूल्यन की कमी पाई गई। केवल प्रत्येक मामले में दंडात्मक कार्यवाही के सहारे से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा और ऐसे मामलों में जहां बिना किसी औचित्य के जानकारी सुसज्जित करने में देरी की गई, जहां अधिनियम के प्रति जिम्मेदारियों के प्रदर्शन में उदासीनता दिखाई गई, वहां इनका प्रयोग करते हुए एक उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। यहां दंड अधिरोपित करते समय भी आयोग का दबाव नागरिक को सही और पूरी जानकारी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर किया गया है।

(च) पब्लिक सामान्यतः राज्य सूचना आयोग, अंतिम अपीलीय प्राधिकरण, को शिकायत निवारण मशीनरी के रुप में देखती है जिसके परिणामस्वरुप एक बड़ी संख्या के रुप में आवेदन आरंभ में प्राप्त हुए। आयोग को नागरिकों को सुनवाई के दौरान अधिनियम के अंतर्गत जनादेश के रुप में की गई परिकल्पना को समझाने में काफी समय व्यतीत करना पड़ा। इसके अलावा, मामलों की एक बड़ी संख्या में नागरिक आयोग के हस्तक्षेप मात्र से राज्य लोक सूचना अधिकारियों से जानकारी पर्याप्त सामग्री के साथ प्राप्त करने में सफल हो गए जिसका प्रयोग उन्होंने अन्य प्राधिकरणों जैसे उपभोक्ता न्यायालय, सिविल कोर्ट या उच्च न्यायालय और लोक प्राधिकरण के पास किया जो उनकी शिकायतों का निवारण करने में सार्थक सिद्ध हुई।

अध्याय – 5

राज्य सूचना आयोग की सिफारिशें

भाग–I : राज्य सरकार से संबंधित अनुशंसाएँ

5.1 : अधिनियम के बारे में जागरूकता का सृजन

अधिनियम का परिचालन अभी नवम्बर, 2005 में हुआ है, लेकिन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में राज्य की आम जनता के बीच, विशेष रुप से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 26 राज्य सरकारों पर जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए दबाव डालती है। आयोग ने अपनी पहली रिपोर्ट में अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के प्रशिक्षण तथा जनता को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम के आरंभ का सुझाव दिया था:

i) शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उसका विकास अधिनियम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और जनता की समझ को उन्नत करना, विशेष रुप से वंचित समुदाय को सशक्त करने के लिए ताकि वे अधिनियम के तहत अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें।

ii) लोक प्राधिकारियों को निर्देश देना कि वे उपरोक्त पैरा (i) में उल्लेखित कार्यक्रमों का विकास और उसका आयोजन करें और ऐसे कार्यक्रमों पर स्वयं कार्य करना।

iii) लोक प्राधिकारियों द्वारा उनकी गतिविधियों के बारे में सटीक जानकारी देने हेतु समय पर और प्रभावी प्रसार को बढ़ावा देना।

iv) राज्य लोक सूचना अधिकारी और राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी के साथ ही प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों का गहनता से प्रशिक्षण का आयोजन करवाना।

v) लोक प्राधिकरणों के स्वयं के प्रयोग के लिए अधिनियम की धारा 8 तथा 9 से संबंधित प्रासं[redacted] निर्माण करना।

आयोग ने सराहना के साथ नोट किया कि राज्य सरकार ने इन सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। [redacted] लोक प्रशासन संस्थान, गुड़गांव (हिपा) को इस संबंध में नोडल एजेंसी के रुप में शामिल किया गया है। नामित अधिकारियों अर्थात राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी/राज्य लोक सूचना अधिकारियों तथा लोक प्राधिकारियों के [redacted] राज्य सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण का कार्यक्रम हिपा के साथ ही अन्य संस्थान जैसे हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान ने बिजली उपयोगिता विभाग के लिए आयोजित किए हैं। तथापि आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता है। आयोग अनुशंसा करता है कि हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान को आम जानता को जागरूक करने के लिए भी कार्यक्रम विकसित करने की भूमिका सौंपनी चाहिए।

5.2: प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों/राज्य लोक सूचना अधिकारियों/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारियों के उपयोग हेतु मार्गदर्शिका और नाम धाम सूचक पुस्तिका का प्रकाशन

आयोग अपनी पहली सिफारिश को दोहराता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों के सहायतार्थ उनकी सूचना तक पहुँच के अधिकार का उपयोग करने के लिए एक मार्गदर्शिका अधिकारिक भाषा में संकलित की जानी चाहिए। मार्गदर्शिका जो आसानी से समझने योग्य हो, सभी लोक प्राधिकरणों द्वारा तैयार की जानी चाहिए तथा आवेदकों को उपलब्ध होनी चाहिए। राज्य लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों की एक पूरी सूची आम जनता की जानकारी के लिए प्रकाशित करने हेतु आयोग द्वारा सिफारिश की गई थी। हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, गुड़गांव ने सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में एक ऐसी मार्गदर्शिका संकलित करके तैयार भी की है। हालांकि, यह मूल रुप से अधिकारियों के लिए है और एक मार्गदर्शिका, सरल रुपेण हिन्दी भाषा में नागरिकों के सहायतार्थ वितरण के लिए संकलित की जानी चाहिए। प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों/राज्य लोक सूचना अधिकारियों/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारियों की यह नाम–धाम सूचक पुस्तिका का समुल्य प्रकाशन जनता के सदस्यों के लिए किया जा सकता है। जिलों के उपायुक्तों को कहा जाना चाहिए कि इन प्रकाशनों को जिला स्तर पर हिन्दी में मुद्रित करवाये और उन्हें जिला स्तर पर सरकारी

अधिकारियों के लिए उपलब्ध किया जाना चाहिए। जबकि एक–दो जिलों ने इस संबंध में कुछ कार्यवाही की भी है लेकिन यह आवश्यक है कि सभी उपायुक्तों को इस संबंध में उपरोक्त सिफारिशों को लागू करने हेतु उपयुक्त निर्देश जारी किए जाएं।

5.3 : शुल्क के आसान भुगतान और आवेदन को दाखिल करने की सुविधा

सूचना का अधिकार नियमों के प्रावधान के तहत आरंभ में शुल्क या तो नकदी के रुप में जमा किया जा सकता था या ट्रेजरी के माध्यम से। तत्पश्चात् आयोग द्वारा दिए गए सुझाव पर, अधिसूचना 2006 में जारी की गई, जिसमें शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा भारतीय पोस्टल ऑर्डर के माध्यम से भुगतान की अनुमति दी गई है। आयोग की अंतिम रिपोर्ट में कोर्ट फीस के माध्यम से शुल्क के भुगतान के बारे में दिए गए सुझाव को अभी भी स्वीकार नहीं किया गया है। आम जनता के हित को ध्यान में रहते हुए, आयोग अपनी इस सिफारिश को दोहराता है कि कोर्ट टिकटों के माध्यम से शुल्क के भुगतान हेतु अधिसूचित नियमों में आवश्यक संशोधन करके इसकी अनुमति भी दी जानी चाहिए। चूंकि भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान संभव है ऐसी स्थिति में जिला तथा उप मण्डल के डाकघरों को राज्य के सरकारी अधिकारियों से संबंधित सूचना का अधिकार संबंधी आवेदन प्राप्त करने के लिए राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी नामित किए जाने के आयोग के सुझाव पर कार्रवाई करने की जरूरत है। क्योंकि कुछ नामित डाकघर पहले से ही केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी के रुप में केन्द्रीय लोक प्राधिकरणों के लिए सूचना का अधिकार आवेदनों को प्राप्त करने का कार्य कर रहे हैं उनके लिए राज्य लोक प्राधिकरणों के लिए इस प्रक्रिया को अपनाने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वास्तव में, आयोग अक्सर एक औपचारिक व्यवस्था के अभाव में भी डाकघरों के माध्यम से आवेदन प्राप्त करता है। इस व्यवस्था को औपचारिक रुप से अपनाने से ऐसे व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्रों से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन दाखिल करना चाहते हैं, को इसका अत्यंत लाभ होगा।

5.4 : राज्य लोक सूचना अधिकारियों/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

अधिनियम के क्रियान्वयन में राज्य लोक सूचना अधिकारियों को सौंपी महत्त्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि उनको प्रशिक्षित किया जाए और अधिनियम को समुचित ढंग से क्रियान्वयन के लिए तैयार किया जाए। आयोग ने सुनवाई के दौरान प्रायः यह अनुभव किया है कि कुछ अधिकारियों को अधिनियम के मूल प्रावधानों के उचित अभिमूल्यन की कमी है और वे जानकारी के लिए प्राप्त आवेदनों का निपटान करने के लिए अपेक्षित प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर पाते। हालांकि हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोजित कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध हुए हैं फिर भी विभिन्न विभागों, विशेष कर बड़े संगठनों, जहां नामित राज्य लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों में लगातार परिवर्तन हो रहे हैं, को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने हेतु कदम उठाए जाने की जरूरत है। आयोग द्वारा दिए गए सुझाव पर कुछ महत्त्वपूर्ण विभागों तथा लोक प्राधिकरणों जैसे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, बिजली उपयोगिता, शिक्षा, वन, विकास एवं पंचायत आदि विभागों ने अपने अधिकारियों को विशेष एवं विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की है, जो उपयोगी साबित हुई है। तथापि यह सिफारिश की जाती है कि हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित करने चाहिए।

5.5 : लोक प्राधिकरणों द्वारा निम्न माध्यमों से दायित्वों के प्रभावी निर्वहन को सुनिश्चित करना

(1) प्रभावी स्वतः प्रकटीकरण :

सूचना का अधिकार धारा 4 (1) (ख) के तहत जनादेश देता है कि प्रत्येक लोक प्राधिकरण को अधिकतम संभव जानकारी अपनी ओर से जनता के लिए संचार के विभिन्न साधनों के माध्यम से स्वतः प्रकट करनी चाहिए ताकि जनता को जानकारी प्राप्त करने के लिए अधिनियम के उपयोग करने की आवश्यकता कम से कम पड़े। इंटरनेट संचार का सबसे प्रभावी साधन है जिसपर उपलब्ध जानकारी को वेब–साइट पर पोस्ट किया जा सकता है। अधिनियम की धारा 4 (1) (ख), विशेष रूप से जनादेशित करती है कि प्रत्येक लोक प्राधिकारी को सत्रह श्रेणियों की जानकारी अपनी संबंधित वेब साइट पर प्रकाशित करने की आवश्यकता है। इन श्रेणियों के इलावा, सरकार कुछ अन्य श्रेणियों की जानकारी भी निर्धारित कर सकती है जिसको लोक प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित किया जा सकता है। यह भी बल दिया जाना चाहिए कि जानकारी के प्रकाशन के लिए जो उल्लेख ऊपर किया गया वह वैकल्पिक नहीं है। यह एक वैधानिक आवश्यकता है जिसे हर लोक प्राधिकरण पूरा करने के लिए बाध्य है। ध्यान देने के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा यह भी है कि यह पर्याप्त नहीं है कि उपरोक्त जानकारी एक बार प्रकाशित की जाए बल्कि लोक प्राधिकरण इस तरह की जानकारी को समय–समय पर अपडेट करने के लिए भी बाध्य है। यह उचित है कि जहां तक संभव हो, जैसे ही कोई परिवर्तन स्थान ले, जानकारी को तुरंत आधुनिकतम किया जाना चाहिए। विशेष रूप से, इंटरनेट पर प्रकाशन के मामले में, लगातार अंतराल पर जानकारी आधुनिकतम करनी चाहिए।

(2) पर्याप्त स्टाफ और जानकारी को तैयार करने के लिए बजट का प्रावधान :

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अपनी प्रस्तावाना में एक जानकार नागरिक और सूचना की पारदर्शिता के बारे वार्ता करता है जो एक लोकतांत्रिक नीति की मूलभूत और महत्वपूर्ण आवश्यकता है, जो भारतीय संविधान ने स्थापित किया है। अधिनियम में एक नागरिक द्वारा विशेष रूप से किए गए अनुरोध के आधार पर जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रावधान समाविष्ट हैं। चिंता की बात यह है कि जिला स्तर के अधिकांश लोक प्राधिकरणों के पास अभिलेख प्रबंधन प्रणाली की उचित बुनियादी सुविधाओं की कमी है जो समय पर जानकारी के प्रचार–प्रसार को कठिन बना देता है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 नागरिक के साथ जानकारी सांझा करने हेतु सफलतापूर्वक एक व्यवहारिक व्यवस्था बना सकता है यदि वहाँ के लोक प्राधिकरणों में, विशेषकर जिला स्तर पर, एक प्रभावी वितरण प्रणाली है। जिला स्तर, कुछ लोक प्राधिकरणों के मामलों मे, जनता को जानकारी प्रदान करने के लिए उनके पास फोटोस्टेट मशीन, कंपयूटर, टाइप–राइटर आदि बुनियादी ढांचे का अभाव है। चूंकि आकस्मिकता राशि भी सीमित है, बाज़ार से फोटोकॉपी प्राप्त करने का विकल्प भी संभव नहीं है। इस प्रकार हस्तलिखित जानकारी, जो ज्यादातर अस्पष्ट होती है, अभी भी एक बड़ी संख्या में जानकारी चाहने वालों को प्रदान की जा रही है। ये कठिनाई लगातार आम जनता, राज्य लोक सूचना अधिकारियों और हितधारकों द्वारा आयोग के साथ औपचारिक सुनवाई के दौरान परस्पर वार्तालाप के समय सामने लाई जाती रही हैं। इसलिए आयोग, निम्नलिखित सिफारिशें करना चाहता है :–

क) नामित अधिकारियों हेतु स्टेशनरी, कार्यालय उपकरण जैसे फोटोस्टेट मशीन, कंपयूटर आदि की खरीद हेतु धन का पर्याप्त प्रावधान किया जाए। राज्य सरकार जानकारी चाहने वालों से लोक प्राधिकरण द्वारा एकत्र किए गए प्रभार का कुछ हिस्सा जिला अधिकारियों को एक बार के लिए बुनियादी सुविधाओं के निर्माण हेतु आंबटन करने पर विचार कर सकती है।

ख) राज्य सरकार को एक नीतिस्वरूप, प्रत्येक लोक प्राधिकरण में आर.टी.आई. से संबंधित कार्यक्रमों जैसे प्रचार, प्रशिक्षण आदि के कार्यान्वयन के लिए बजट का एक निश्चित प्रतिशत चिंहित करना चाहिए। लोक प्राधिकरणों को कहा जाना चाहिए कि इस बजट को अपने जिला अधिकारियों को वितरित करें ताकि वे आर.टी.आई. से संबंधित गतिविधियों और कार्यक्रमों को बढ़ावा दे सकें।

ग) आर0टी0आई0 सैल एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में लोक प्राधिकरण के जिला अधिकारियों पर नज़र रखने और सूचना का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन से संबंधित गतिविधियों के समन्वय के लिए राज्य स्तर पर स्थापित किया जाना चाहिए। कथित सैल को चाहिए कि वह अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में समय–समय पर जिला स्तर के नामित अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा करे और सुधारात्मक कार्रवाई के लिए विभाग के प्रमुख को उपाय सुझाए।

घ) राज्य लोक सूचना अधिकारियों/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारियों के साथ–साथ प्रथम अपीलीय अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में सूचना का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में उनके प्रदर्शन के तथ्य शामिल किए जाने चाहिए। इससे ये सुनिश्चित होगा कि आर.टी.आई. अधिनियम के तहत प्रदर्शन, संबंधित नामित अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण पहलू होगा।

ड) अपनी पहली रिपोर्ट में आयोग ने प्रथम अपीलीय अधिकारी/राज्य लोक सूचना अधिकारी/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारी, जो सूचना का अधिकार अधिनियम की अतिरिक्त जिम्मेदारी वहन करते हैं, उन्हें मानदेय की अदायगी की सिफारिश की थी। हालांकि राज्य सरकार इस सुझाव पर विचार करने के लिए सहमत हुई थी लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय अभी लिया जाना है। यह देखा गया है कि अधिकारी राज्य लोक सूचना अधिकारी की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के व्यापक तौर से इच्छुक नहीं हैं जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश विभागों में राज्य लोक सूचना अधिकारियों में बदलाव किया जा रहा है। इसलिए आयोग राज्य लोक सूचना अधिकारी को उचित मानदेय के भुगतान के लिए अपनी पहली सिफारिश को दोहराता है।

5.6 : रिकार्ड प्रबंधन प्रणाली

प्रशासनिक प्रशासन में कार्यकुशलता और प्रभावशीलता काफी हद तक समय पर प्रासंगिक और सटीक जानकारी की आपूर्ति के लिए निर्णय निर्माताओं के सभी स्तर पर प्रबंधन पर निर्भर करती है। आयोग चिंतित है कि रिकार्ड कीपिंग, उसका प्रबंधन, लोक प्राधिकरण के अधिकांश कार्यालयों में पुर्नप्राप्ति प्रणाली असंतोषजनक है। कई मामलों पर जानकारी तक पहुंच से इंकार इस बहाने के साथ किया जाता है कि रिकार्ड अप्रतिकार है या किसी अज्ञात स्थान पर रखा गया है। इसलिए यह जरूरी है कि रिकार्ड को व्यवस्थित करने हेतु प्रबंधन और उसकी पुर्नप्राप्ति प्रणाली के लिए तत्काल कदम उठाए जाए। धारा 4 (1) (क) के अनुसार सभी लोक प्राधिकारी अधिदिष्ट हैं कि वे अपना सभी रिकार्ड विधिवत सूचीबद्ध, अनुक्रमित तथा उपयुक्त तरीके से कम्प्यूटरीकृत करें जो सूचना के अधिकार को सुनिश्चित करे ताकि रिकार्ड तक पहुँच सुविधाजनक हो। आयोग सिफारिश करता है कि इन उपबंधों की पालना के लिए सभी लोक प्राधिकरणों को यह सुनिश्चित करने की हिदायत दी जाए कि वे अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इन प्रावधानों की पालना करें और एक प्रभावी रिकार्ड प्रबंधन प्रणाली को अमल में लाया जाए।

अध्याय – 6

राज्य सूचना आयोग, हरियाणा की अपनी पहली वार्षिक रिपोर्ट (नवम्बर 1, 2005 से अक्तुबर 31, 2006) का भाग I तथा II के तहत की गई सिफारिष पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही

6.1 : अधिनियम के बारे में जागरूकता की उत्पत्ति

राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि सूचना व जन संपर्क विभाग, हरियाणा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पोस्टर तैयार करेगा।

6.2 : उपयोगकर्ता पुस्तिका का प्रकाषन

राज्य सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का उपयोग लोगों द्वारा सुविधाजनक करने के लिए एक मार्गदर्शिका हिन्दी तथा अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में, तैयार करने का कार्य हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुडगांव को सौंपा है ।

6.3 : प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों/राज्य लोक सूचना अधिकारियों/राज्य सहायक लोक सूचना अधिकारियों की निर्देषिका

राज्य सरकार ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान, गुडगांव को राज्य लोक सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों की एक निर्देशिका हितधारकों के उपयोग हेतु तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं।

6.4 : राज्य लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों के प्रषिक्षण हेतु कार्यक्रम

